मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 74 ■ गुरुवार, 29 मई 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
FOLLOW US · NEWS LIVE · Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

राज्यसभा चले कमल हासन

# बारवी डैम का जलस्तर बढ़ा

- डैम क्षेत्र में हो रही जोरदार बारिश
- बारवी बांध में 122.45 मिलियन लीटर पानी



**बदलापुर.** पिछले दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश के कारण एक सप्ताह में ही बारवी बांध के जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक सप्ताह पहले, बारावी बांध में जल संग्रहण 112.31 मिलियन लीटर था, लेकिन पिछले सात दिनों में इसमें वृद्धि हुई है और वर्तमान में बारवी बांध में 122.45 मिलियन लीटर पानी है।

जून के पहले सप्ताह के बाद, हर जगह भारी बारिश होती है। इस समय, बांधों में जल संग्रहण भी बढ़ने लगता है और शहरों पर पानी की कमी की लटकती तलवार हट जाती है। इसके कारण, बांध क्षेत्र में हमेशा भारी बारिश की उम्मीद की जाती है। इस साल, मई की शुरुआत में, जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पानी की कमी हुई। कई जगहों पर टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ा। हालांकि, पिछले सप्ताह से पूरे जिले में बारिश शुरू हो गई है।

पिछले दो-तीन दिनों से हर जगह भारी बारिश हो रही है। बांध क्षेत्र में भी बारिश का यही पैटर्न देखने को मिला है। इससे बांध का जल भंडारण काफी बढ़ रहा है। जिले की शहरी बस्तियों और औद्योगिक क्षेत्रों को बारवी बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है। बारिश के कारण बारवी डैम में जल भंडारण काफी बढ़ रहा है।

**बारवी बांध की कुल जल स्तर क्षमता**

**338.84** मिलियन लीटर
**122.45** मिलियन लीटर पानी उपलब्ध
**36.14** प्रतिशत जल भंडारण

जिसके कारण हर वर्ष मई में होने वाली पानी की कटौती से इस साल छुटकारा मिल गया है. पिछले साल इसी अवधि के दौरान बारवी बांध में जल भंडारण 29 प्रतिशत था।

इस वर्ष इसमें सात प्रतिशत की वृद्धि हुई और 36.14 प्रतिशत जल भंडारण उपलब्ध है.

## बांध पीड़ितों को पानी के लिए करना पड़ रहा संघर्ष

**मुरबाड़.** बारवी बांध का निर्माण ठाणे, नवी मुंबई शहर की प्यास बुझाने के लिए किया गया था। लेकिन, बांध के कारण विस्थापित हुए मुरबाड़ तालुका के मोहघर गांव के लोगों को आज भी पीने के पानी और सड़क के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

मंगलवार को प्रांत अधिकारी विश्वास गूजर ने बारवी बांध से प्रभावित पांच गांवों और छह पाड़ों के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एक बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में महाराष्ट्र राज्य औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी अभियंता अंबरनाथ दिशांत यूके, अभियंता मुंकुद फाटक और बारवी परियोजना पीड़ित संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। इस समय ग्रामीणों ने कहा कि परियोजना प्रभावित गांवों को गर्मी और बरसात के दिनों में पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क अभी भी तैयार नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इस समय प्रांत अधिकारी ने प्रभावितों के लिए ठोस उपाय करने के आदेश दिए। इस बैठक में बारवी परियोजना प्रभावित संगठन के कमलाकर भोईर, चंद्रकांत बोष्टे, परेश कड़व, दीपक भोईर, गोविंद घोरड़, संतोष चौधरी उपस्थित थे।

# कल्याण-डोंबिवली में कोरोना से दूसरी मौत

- कोरोना संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 8



**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और कोरोना के कारण एक और मरीज की मौत हो गई है। सात दिन पहले जहां एक महिला की कोरोना के कारण मौत हुई थी, वहीं बुधवार को एक और 67 वर्षीय व्यक्ति की कोरोना के कारण मौत हो गई। अब तक महानगरपालिका में 8 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं।

महानगरपालिका स्वास्थ्य विभाग नागरिकों से अपील कर रहा है कि वे घबराएं नहीं और उचित देखभाल करें। फिलहाल महानगरपालिका में 8 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। इनमें से दो मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एक मरीज होम आइसोलेशन में है और उसकी हालत स्थिर है। 8 मरीजों में से 2 की मौत हो चुकी है, पहली मौत 22 मई को और दूसरी मरीज की मौत 28 मई को हुई थी। 3 मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

डोंबिवली के 67 वर्षीय व्यक्ति को 24 मई को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 तारीख को मरीज का आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया और वह पॉजिटिव आया। व्यक्ति को 25 मई को ठाणे के कलवा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। व्यक्ति को उच्च रक्तचाप और मधुमेह की सह-रुग्णता थी। साथ ही, बारह साल पहले हुए स्ट्रोक के कारण व्यक्ति को लकवा भी था। बुधवार को कलवा अस्पताल में मरीज की मौत हो गई। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला ने बताया कि व्यक्ति ने कोविड का टीका नहीं लिया था।

# आवारा कुत्ते के हमले में नौ वर्षीय बच्ची की मौत



**बदलापुर.** बदलापुर में आवारा कुत्ते के काटने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। रितिका करोतिया (उम्र 9) बदलापुर के स्वामी विवेकानंद नगर में रहने वाली बच्ची थी। वह कल अपने घर के सामने एक दोस्त के साथ खेल रही थी, तभी इलाके के एक आवारा कुत्ते ने उसके हाथ पर काट लिया। उसे पहले इलाज के लिए बदलापुर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, चूंकि उसके हाथ पर घाव गहरा और व्यापक था, इसलिए उसे आगे के इलाज के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अंबरनाथ के बीफ शॉप पर फिर से कार्रवाई

- पुलिस ने मांस के सैंपल लिए

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने पिर एक बार उलन चाल के कई बीफ मटन शॉप पर छापा मारकर कार्रवाई की है. सुबह से दोपहर तक ये कार्रवाई चल रही थी. हर एक बीफ शॉप से मट का सैंपल पुलिस ने लिया है.

दो महिना पूर्व भी पुलिस ने यहां की दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 9 लोगों पर अपराध दाखिल किया था. कुछ दिनों तक ये बीफ शॉप बंद थे. दोबारा ये कारोबार शुरू होने से पुलिस ने बुधवार को दिनभर कार्रवाई की है. यहां शॉप मालिकों का कहना है कि वह गाय अथवा उससे संबंधित मांस वह नहीं बेचते हैं. कल्याण स्लाटर हाउस से वह भैंस का मांस लाकर बेचते हैं. उसकी बाकायदा रसीद उनके पास है, लेकिन उनकी सुन नहीं रही है.

उन्होंने ये भी कहा है कि दो महिना पूर्व उनके शॉप से मांस का सैम्पल पुलिस लेकर गई थी. उसकी जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है और अब फिर से ये कार्रवाई की गई है. मुंबई, ठाणे, कल्याण में स्लॉटर हाउस हैं, लेकिन अंबरनाथ में स्लॉटर हाउस नहीं है. इसके लिए वह कल्याण से मांस लाकर शहर में बेचते हैं. बुधवार को हुई कार्रवाई से वुलन चाल में हलचल तेज हो गई है. बीफ शॉप का शटर डॉउन करके बाहर दो-दो पुलिसकर्मियों को बिठा दिया गया है. पुलिस वैन भी यहां पर तैनात कर दी गई है. खबर लिखे जाने तक पुलिस ने किसी पर भी अपराध दाखिल नहीं किया है. बकरी ईद 7 जून को है. सरकारी आदेश जारी होने के बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की है. ऐसा समझा जा रहा है.

## 73 वर्षीय महिला को विवाह का झांसा देकर 57 लाख की ठगी

**कल्याण.** विष्णु नगर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 73 वर्षीय बुजुर्ग एक महिला को विवाह का झांसा देकर 62 साल के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर 57 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का विचित्र मामला सामने आया है.

पीड़िता डोंबिवली क्षेत्र के नाना शंकरशेट रोड स्थित एक आवासीय परिसर में रहती हैं. उनकी मुलाकात 62 वर्षीय आरोपी से एक समाचार पत्र में प्रकाशित वैवाहिक विज्ञापन के माध्यम से हुई थी. कुमुतकर ने बताया कि आरोपी ने महिला का विश्वास जीतने के बाद उससे विवाह का वादा किया. कुमुतकर ने बताया कि आरोपी ने महिला को पुणे में मकान खरीदने की योजना के बारे में बताया और उसके खाते में 35 लाख रुपये भेजने के लिए महिला को तैयार किया. इस बीच वह महिला के घर पर भी रुका और उसने लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए. आरोपी ने पिछले महीने महिला से संपर्क तोड़ लिया और फिलहाल वह फरार है.

# आपदाओं से निपटने उमनपा प्रशासन अलर्ट

- पूर्व तैयारियों के लिए एक्शन प्लान
- हर प्रभाग में अधिकारी तैनात
- प्रशासक व आयुक्त मनीषा आव्हाले ने की समीक्षा बैठक



**उल्हासनगर.** भारी बाऱिश के बीच उल्हासनगर महानगरपालिका ने नागरिकों की सुरक्षा और शहर की व्यवस्था की तत्परता के लिए युद्धस्तर पर गतिविधियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मुंबई में आयोजित मानसून पूर्व समीक्षा बैठक के अनुरूप प्रशासक और आयुक्त मनीषा अव्हाले ने सोमवार को आपदा प्रबंधन का कार्यभार संभाला और महानगरपालिका में समीक्षा बैठक की। शहर में संभावित बाढ़ की स्थिति, भूस्खलन, गड्ढे, खतरनाक इमारतें और नाले की सफाई जैसे मुद्दों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। संयुक्त निरीक्षण करने, पुनर्वास केंद्र तैयार करने और साप्ताहिक रिपोर्ट पेश करने के आदेश भी दिए गए हैं।

**प्राथमिकता से होगी कार्रवाई**

- जहां पानी रुकने की संभावना है, वहां सीवेज लाइनों का निरीक्षण और मरम्मत, नालों की सफाई और सिल्ट हटाने का काम समय पर पूरा करना, भूस्खलन की संभावना वाले स्थानों पर सुरक्षा दीवारें और सुरक्षा जाल लगाना, सड़कों पर गड्ढे भरना और 31 मई से पहले सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करना, नालों में खुले स्थानों को ढंकना, सड़कों पर मलबा हटाना।
- कचरा तत्काल हटाने, खतरनाक पेड़ों और शाखाओं की छंटाई, खतरनाक इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट और भवन मालिकों को अग्रिम सूचना देना, वार्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष तैयार करना, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों का पुनर्वास, स्कूलों और सामुदायिक मंदिरों में केंद्र तैयार करना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।

उल्हासनगर महानगरपालिका मानसून के दौरान शहर में संभावित बाढ़, भूस्खलन, जलभराव और गड्ढों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित मानसून पूर्व समीक्षा बैठक में दिए गए सुझावों के मद्देनजर प्रशासक व आयुक्त मनीषा आव्हाले ने 26 मई को अपने कार्यालय में आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अपर आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. दीपाली चौगले, विशाखा मोटघरे, अनंत जवादवार, सहायक आयुक्त मयूरी कदम, कार्यकारी अभियंता हनुमंत खरात, वार्ड अधिकारी गणेश शिंपी व मनीष हिवारे, आपदा प्रबंधन प्रमुख यशवंत पाशा, जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले व अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक में आयुक्त ने वार्ड समितिवार जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा सभी क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण शुरू करने के निर्देश दिए।

**वार्डवार 8 वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त**

उल्हासंग। शहर में मानसून से पहले कार्यों की समीक्षा करने के लिए मनपा आयुक्त ने वार्डवार आठ अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन अधिकारियों को नियमित रूप से मनपा प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मनपा आयुक्त ने वार्ड समिति एक के लिए उपायुक्त विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त सुनील लोंढे, वार्ड दो के लिए उपायुक्त दीपाली चौगले, सहायक आयुक्त विशाल कदम, वार्ड तीन के लिए उपायुक्त अनंत जावडवार, सहायक आयुक्त अजय साबले और वार्ड चार के लिए सहायक आयुक्त मयूरी कदम को नियुक्त किया है। इन सभी अधिकारियों को सभी परिसरों का निरीक्षण करने और नियमित रूप से मनपा आयुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

# पटाखे से आंख गंवाने वाली महिला को लगाई जाएगी नकली आंख

**गरीब महिला को सहायता देने मुस्लिम जमात का कोई नहीं गया**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** मुस्लिम जमात द्वारा आयोजित हजरत गैबन शाह वली दर्गा के उर्स में एक मंडल द्वारा संदल में पटाखा फोड़ने से बालाजी नगर निवासी मलम्मा रवि चलवादी नामक महिला की एक आंख में जलता हुआ पटाखा चले जाने से उसकी एक आंख हमेशा के लिए चली गई है. उसने संदल निकालनेवाले एकता मित्र मंडल एवं पटाखा फोड़ने वाले अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है. उक्त महिला का उपचार जेजे अस्पताल में चल रहा है. अंबरनाथ रिक्शा यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष जम्सू राजा नुजरत की वह पड़ोसी है. मंगलवार को जम्सू राजा महिला का हाल चाल पूछने जेजे अस्पताल गए तो उन्होंने देखा कि वह बेसहारा होकर बेड पर पड़ी है. उसने उन्हें बताया कि वह गैबन शाह दर्गा का दर्शन करके अपनी माता से मिलने संजय नगर की ओर पैदल जा रही थी कि उलन चाल रोड पर मंडल का संदल आ रहा था. उसमें कुछ लोग नाचते हुए पटाखा फोड़ रहे थे. एक जलता पटाखा उनकी आंख में चला गया और उसकी एक आंख नाकारा हो गई. डॉक्टरों ने उसकी आंख निकाल देने का निर्णय लिया है. ऐसा मलम्मा ने जम्सू भाई को बताते हुए कहा कि वह बहुत ही गरीब है. उसके दो बच्चे हैं. वह रेलवे में कटलरी का सामान बेचकर गुजर बसर करती है. उसका पति उसके पास नहीं रहता है.

**मदद की अपील**



मलम्मा ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि उनको देखने के लिए संदल कमेटी अथवा मुस्लिम जमात की तरफ से पूछताछ करने या सहायता करने के लिए अब तक कोई नहीं आया है. पीड़ित महिला ने जम्सूभाई को बताया कि उसकी एक आंख जिसमें पटाखा गया था, निकालने की बात डॉक्टरों ने उन्हें बताई है. उसको एक नकली आंख बिठाई जाएगी किंतु ये आंख देखने के लायक नहीं रहेगी. उसे अब सहायता की जरूरत है. क्या मुस्लिम जमात उसकी सहायता करेगी?

# झुग्गी-झोपड़ियों पर बारिश का संकट

**नाले की सफाई के साथ-साथ पाइपलाइन हटाने की जरूरत**

**उल्हासनगर.** हर साल मानसून के मौसम में उल्हासनगर के कोणार्क रेजीडेंसी क्षेत्र के महात्मा गांधी नगर, राजीव गांधी नगर और बालकृष्ण नगर के निवासियों को नाले के पानी के ओवरफ्लो होने की परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस क्षेत्र से बहने वाले बड़े नाले में पुलिया के नीचे से एमआईडीसी के दो पाइपलाइन गुजरती हैं, जिससे मानसून के दौरान कचरा नाले में फंस जाता है और पानी बस्ती में प्रवेश कर जाता है। परिणामस्वरूप, स्थानीय लोगों को हर साल वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ता है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने मनपा आयुक्त को दिए एक बयान में इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है और कुछ प्रमुख बिंदु सामने आए हैं। नाले में जमा कीचड़ और कचरे का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। नाले से निकाला गया कचरा और कीचड़ नाले के दोनों ओर डाल दिया जाता है। परिणामस्वरूप, बरसात के मौसम में वही कचरा फिर पानी के प्रवाह में बाधा डालता है।

रेलवे ट्रैक के बगल में स्थित पुलिया से दो बड़े जलमार्ग गुजरते हैं, जिससे वहां कचरा जमा हो जाता है। बयान में मांग की गई है कि यदि इन पाइपलाइन को नाले के ऊपर ले जाया जाए तो जल अवरोध दूर हो जाएगा और क्षेत्र बाढ़ मुक्त हो जाएगा।

स्थानीय लोगों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग को इस क्षेत्र में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। दीर्घकालिक समाधान के रूप में सम्पूर्ण नाले को साफ किया जाना चाहिए, हटाई गई गाद को दूसरी जगह डाला जाना चाहिए, तथा नाले से पाइपलाइन को दूसरी जगह स्थापित किया जाना चाहिए। यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है।



हर साल बरसात आने पर नाले का पानी इन झोपड़ियों में घुस जाता है। इस जलमार्ग को पुलिया से हटाकर ऊपर से ले जाने पर ही हम हर साल उत्पन्न होने वाले इस संकट से मुक्ति पा सकेंगे। प्रशासन को इस समय सिर्फ निरीक्षण नहीं, बल्कि ठोस निर्णय लेना चाहिए।

**- संजय घुगे**
मनसे, शहर अध्यक्ष

# कल्याण स्टेशन पर 8 किलो ड्रग्स जब्त




**कल्याण.** रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने सोमवार को कल्याण रेलवे स्टेशन पर पहुंचे एक संदिग्ध यात्री की जांच की। उस समय यात्री के पास एक बैग में आठ किलोग्राम मारिजुआना जैसा मादक पदार्थ मिला, जिसकी कीमत लाखों रुपये है। यह व्यक्ति गुजरात का निवासी है। रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने बताया कि इस गांजे का बाजार मूल्य लाखों रुपए में है।

कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात से लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें रवाना होती हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से यात्री इन लंबी दूरी की ट्रेनों से आते हैं। इसलिए कल्याण रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पांच से सात पर लगातार सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। सोमवार दोपहर को कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर सात पर रेलवे सुरक्षा बल के जवान हमेशा की तरह तैनात थे।

इस प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति यात्री के रूप में घूमता हुआ दिखाई दिया। वह प्लेटफॉर्म पर आने वाली किसी मेल या एक्सप्रेस ट्रेन में नहीं चढ़ रहा था। रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को उस पर संदेह हुआ क्योंकि वह काफी देर तक प्लेटफॉर्म पर घूम रहा था। उसके पास एक बड़ा यात्रा बैग था। चूंकि यात्री संदिग्ध लग रहा था इसलिए सैनिकों ने उस पर नजर रखी।

संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। वह पुलिस के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। व्यक्ति ने पुलिस को अपना नाम नरेशकुमार मनोहरभाई पंचोली (34) बताया और बताया कि वह गुजरात का निवासी है। पुलिस ने नरेश कुमार पंचोली नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है. उसके बैग से मारिजुआना जैसा दिखने वाला आठ किलोग्राम 300 ग्राम वजन का मादक पदार्थ मिला। जब यह स्पष्ट हो गया कि वह ड्रग तस्कर है तो पुलिस ने उसके खिलाफ नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

# ठाणे जिले में 'प्लास्टिक मुक्त गांव' अभियान शुरू

- 5 जून तक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन




**ठाणे.** जिला परिषद के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 'प्लास्टिक मुक्त गांव' अभियान प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। 22 मई से शुरू हुआ यह अभियान 5 जून तक चलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान के बारे में जागरूकता पैदा की जाएगी।

प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से प्रदूषण होता है और प्रकृति को नुकसान पहुंचता है। इसका एकमात्र विकल्प प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालाँकि, कई लोग चोरी-छिपे प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल करते नजर आते हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। अब सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

केन्द्र एवं राज्य सरकार के पर्यावरण एवं स्वच्छता दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ''प्लास्टिक मुक्त गांव'' अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है। तदनुसार, ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ठाणे जिला परिषद के तहत इस अभियान का कार्यान्वयन 22 मई से शुरू हो गया है। यह अभियान 5 जून तक चलाया जाएगा और इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी। इस पहल में ग्राम सभाएं, महिला स्वयं सहायता समूह, युवा समूह, स्थानीय स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और स्थानीय स्वच्छता समितियां सक्रिय रूप से शामिल होंगी।

**इस अभियान में की गई गतिविधियाँ**

28 मई : मासिक धर्म प्रबंधन दिवस – स्कूलों की ओर से किशोरियों के लिए मार्गदर्शन

29 मई : थीम – एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य दिवस – योग और स्वास्थ्य गतिविधियाँ

**5 जून :** विश्व पर्यावरण दिवस – समापन समारोह और विशेष गतिविधियाँ

यह अभियान प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और महिलाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित होगा। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की अवधारणा स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संबंधों को मजबूत करेगी। - प्रमोद काले, ग्रामीण जलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग।

## रायता पुल यातायात के लिए खुला

**कल्याण.** दो दिनों से भारी बारिश और तूफान के कारण मुरबाड-कल्याण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित था। उल्हास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण सुरक्षा कारणों से सोमवार को रायता पुल पर यातायात बंद कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार को नदी का पानी कम होने के बाद मुरबाड-कल्याण राजमार्ग पर रायता पुल पर यातायात सुचारू रूप से शुरू हो गया है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण

पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो और पहले ले लिया जाना चाहिए था। यह फैसला सरकारी और निजी कंपनियों की संयुक्त भागीदारी से पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में करे, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए।

इसलिए और किए जाने चाहिए, क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। कई बार विमान मिलने में देरी होती है। यही स्थिति अन्य रक्षा सामग्री के मामले में भी देखने को मिलती है। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इन विमानों के निर्माण में देरी को लेकर वायुसेना अध्यक्ष निराशा भी जता चुके हैं। माना जाता है कि अमेरिका तेजस लड़ाकू विमानों के लिए इंजन देने में इसलिए देरी कर रहा है, ताकि वह भारत को अपने लड़ाकू विमान बेच सके। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं। रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए प्रतीक्षारत था।

# पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना आवश्यक

पिछला कुछ समय भारत के लिए काफी उथल-पुथल भरा रहा है। देश को अप्रैल में पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले का घाव झेलना पड़ा। मासूम पर्यटकों पर हुए उस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कुछ देशों को छोड़ दिया जाए तो पूरी दुनिया भारत के दर्द को समझते हुए संवेदनाएं प्रकट कर रही थी। कई देश और प्रमुख नेताओं ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत के साथ एकजुटता दिखाई।

इस हमले से उपजे आक्रोश से देश में ऐसी भावनाएं उबलने लगीं कि इस आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना आवश्यक है। मोदी सरकार में उड़ी के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तान पर हुए प्रहार से यह तय माना जा रहा था कि भारत कोई न कोई बड़ी कार्रवाई अवश्य करेगा।

यहां तक कि पाकिस्तान में ऐसी अकटलें तेज थीं कि इस बार भारत की कार्रवाई का स्वरूप एवं दायरा कैसा होगा। अंततः आपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने एक सफल सैन्य अभियान के माध्यम से पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया कि आतंक की उसे बड़ी कीमत चुकानी होगी जो पिछली बार से अधिक बड़ी होगी।

आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को ऐसी चोट दी, जो उसकी कल्पना से भी परे थी। आखिर किसने सोचा होगा कि पाकिस्तान जिस पंजाब सूबे को अपनी शान समझता है, वहां तक भारत की मिसाइलें आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर देंगी या फिर उसकी नाक



समझी जाने वाली सेना के मुख्यालय के बगल में सैन्य ठिकाने भारतीय हमले में तबाह हो जाएंगे।

ऐसी सामरिक बढ़त के बावजूद इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता कि आपरेशन सिंदूर और उसके बाद बने माहौल में नैरेटिव की लड़ाई में भारत कुछ पिछड़ गया। याद रहे कि पहलगाम हमला उस दौरान हुआ था, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर थे। उसके चलते जयपुर प्रवास का उनका कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ था। जब भारत ने आपरेशन सिंदूर शुरू किया तो अमेरिकी सरकार के स्वर ऐसे थे कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में दखल देने की उनकी कोई दिलचस्पी नहीं। यूरोपीय नेता भी यही कहते सुनाई पड़ रहे थे कि भारत को अपनी रक्षा के लिए हरसंभव विकल्पों का उपयोग करने का पूरा अधिकार है। फिर ऐसा कैसे हुआ कि अमेरिका एकाएक न केवल बीच-बचाव में कूदता हुआ दिखा, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने के लिए सामने आ गए।

भारत को इस स्थिति पर मंथन करना होगा कि सब कुछ उसके पक्ष में होने के बावजूद ऐसा होता हुआ क्यों नहीं दिखाई दिया। इसका एक कारण तो पश्चिमी मीडिया का पारंपरिक रूप से भारत विरोधी रवैया रहा। पश्चिमी मीडिया में सक्रिय भारत विरोधी तत्वों और पाकिस्तानी पत्रकारों-टिप्पणीकारों ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार को हाथोंहाथ आगे बढ़ाया। पाकिस्तान ने खुद को पीड़ित के रूप में दिखाया। उसने यह भी सामने रखा कि वह पहलगाम आतंकी हमले की जांच में सहयोग करने को तत्पर है, लेकिन भारत ही इसके लिए तैयार नहीं।

यहां तक कि चीन जैसे देश ने पाकिस्तान के इस प्रपंच का समर्थन भी किया। पाकिस्तान दुनिया के सामने परमाणु ब्लैकमेलिंग का दांव चलाने की कोशिश की, जिसमें वह कुछ सफल रहा। उसने दर्शाया कि भारत की मंशा उसके संवेदनशील इलाकों को निशाना बनाने की रही, जबकि वास्तविकता इसके उलट थी, क्योंकि आपरेशन सिंदूर की शुरुआत में ही भारत ने स्पष्ट किया था कि उसके निशाने पर केवल आतंकी ढांचा था। न कि नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान। पाकिस्तानी प्रतिक्रिया के जवाब में ही भारत ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। यहां तक कि पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस खोले रखकर भी अपने नागरिकों की जान दांव पर लगा दी, पर भारत ने उस स्थिति में भी संयम का परिचय दिया। इसके बावजूद चीन और तुर्किये जैसे देशों ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया, जबकि भारत के पक्ष में कोई देश इस प्रकार सामने नहीं आया। इस प्रकरण के सबक एकदम स्पष्ट हैं कि यह भारत की लड़ाई है जो उसे खुद ही लड़नी होगी।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रेम के वृक्ष का सबसे मीठा फल सेवा है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# पाकिस्तान को PM मोदी का आखिरी इशारा

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर वह आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ेगा, तो उसे और बुरे नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस सूझबूझ और शौर्य के साथ पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह एक बड़ी मिसाल है। उसके बाद पाकिस्तान के हुक्मरान भी सोचने पर विवश हुए कि आतंकवाद को पोसने का इतना बड़ा खमियाजा देश को उठाना पड़ा है। मगर चूंकि वहां की सेना और खुफिया एजंसी आतंकवाद को भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं, इसलिए वे अब भी अपने रास्ते में बदलाव को तैयार नहीं दिख रही हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात को जोर देकर रेखांकित किया कि पाकिस्तान का एकमात्र मकसद भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री के इस बयान पर पाकिस्तान की तिलमिलाहट स्वाभाविक है। तुरंत इसके जवाब में उसने प्रतिक्रिया दी कि भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान से इस क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा हो गया है, जबकि पाकिस्तान अमन चाहता है। हालांकि इस तरह की विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं वह सदा से देता आया है।



आपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सरकार ने दुनिया के अलग-अलग देशों में पाकिस्तान की हकीकत बताने और अपना पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने भी गुजरात में दो दिन की रैली की। उसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई।

सरकार ने बार-बार रेखांकित किया है कि आपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित है, वह समाप्त नहीं हुआ है। यानी वह अब भी सक्रिय है और पाकिस्तान की हरकतों पर नजर बनाए हुए है। जाहिर है, इससे पाकिस्तान में घबराहट है। बेशक वह कहता है कि भारत के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है, मगर हकीकत यही है कि जिस दौर से वह गुजर रहा है, फिलहाल वह किसी भी तरह के सैन्य संघर्ष का बोझ वहन कर पाने की स्थिति में नहीं है।

अगर वह सचमुच भारत का मुकाबला कर सकने की स्थिति में होता तो, जैसा कि भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी आपरेशन सिंदूर पर विराम लगाने की गुहार न लगाते। ऐसी स्थितियों में उसके नेता बेशक सार्वजनिक बयानों में भारत पर हमला करते रहे हों, पर जमीनी हकीकत हमेशा उससे दूर रही है। हकीकत यह है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी स्थितियों से ही काफी परेशान है। उसकी माली हालत खस्ता हो चुकी है। कर्ज और इमदाद के भरोसे उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। बलूचिस्तान के विद्रोही उसकी नाक में दम किए हुए हैं।

इधर भारत ने सिंधु जल समझौता और व्यापारिक गतिविधियां स्थगित करके और परेशानी पैदा कर दी है। ऊपर से भारत पूरी दुनिया में उसकी असलियत बताने में जुटा है। इस तरह पाकिस्तान पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में लगातार अलग-थलग पड़ता गया है। ऐसे में उसके हुक्मरान को अपनी सेना और खुफिया एजंसी की भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाने के रास्ते तलाशने ही होंगे। प्रधानमंत्री ने फिर से भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके लिए पाकिस्तान को सबक सिखा कर रहेगा।

# इस पेड़ के फल तने और टहनियों पर सीधे उगते हैं

अगर आपसे पूछा जाए कि वो कौन सा पेड़ है, जिसके फल उसकी शाखाओं में नहीं, बल्कि तने में लगते हैं?

**जरा हट के**

क्या आप इसका जवाब जानते हैं? यकीनन, बहुत कम लोगों को पता होगा. चलिए, हम आपको उस पेड़ का नाम और उससे जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में बता देते हैं. उस पेड़ का नाम जबुटीकाबा है, जो ब्राजील में पाया जाता है. इसे प्रकृति के अनोखे अजूबों में शुमार किया जाता है. आपको बता दें कि इस पेड़ के फल तने और टहनियों पर सीधे उगते हैं, जो इसे दुनिया के सबसे अनोखे पेड़ों में से एक बनाता है. मिनास जेराइस और साओ पाउलो में पाया जाने वाला यह फल न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर है.

जबुटीकाबा को ब्राजीलियन अंगूर भी कहते हैं, जो मिनास जेराइस और साओ पाउलो के दक्षिणी इलाकों में उगता है. इसका फल छोटा और गोल



होता है, जिसका व्यास 3 से 4 सेंटीमीटर होता है. इसमें 1 से 4 बड़े बीज, गहरे बैंगनी रंग का मोटा छिलका और मीठा, सफेद या हल्का गुलाबी गूदा होता है. इसकी बनावट जेली जैसी होती है, जो इसे खास बनाती है. आम तौर पर यह पेड़ साल में एक या दो बार फूलता और फलता है, लेकिन अगर इसे नियमित पानी मिले, तो उष्णकटिबंधीय इलाकों में यह बार-बार फल देता है. जबुटीकाबा का स्वाद इतना लाजवाब है कि मिनास जेराइस में इसके मौसम में हजारों स्ट्रीट वेंडर इसे छोटे जालीदार बैग में बेचते हैं. सड़कें और फुटपाथ इसके बैंगनी छिलकों से रंग जाते हैं, जो इसकी लोकप्रियता दिखाता है. ताजा फल ज्यादातर लोग वैसे ही खाते हैं, लेकिन यह फल कटाई के 3-4 दिन बाद खराब होने लगता है. इसकी छोटी शेल्फ-लाइफ की वजह से इसे खेती वाले इलाकों से बाहर ताजा पाना मुश्किल है. इसलिए, लोग इसे जाम, टार्ट, मजबूत वाइन, और लिकर बनाने में इस्तेमाल करते हैं. जबुटीकाबा सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके औषधीय फायदे भी कमाल के हैं. धूप में सुखाए इसके छिलकों का काढ़ा पारंपरिक रूप से खांसी, दमा, दस्त और टॉन्सिल की सूजन के इलाज में इस्तेमाल होता है.



# चिली गार्लिक पराठा

क्या आप भी रोज-रोज एक ही तरह का खाना खाकर बोर हो गए हैं? अगर हां, तो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं एक ऐसी लाजवाब रेसिपी जो किसी भी बोरिंग डिश को बना देगी। जी हां, हम बात कर रहे हैं चिली गार्लिक पराठे की, जो सिर्फ खाने में ही लाजवाब नहीं है, बल्कि इसे बनाना भी बेहद आसान है।

**सामग्री :**

- गेहूं का आटाः 2 कप
- नमक
- लहसुन की कलियांः 8-10
- हरी मिर्चः 2-3
- लाल मिर्च पाउडरः 1/2 चम्मच
- जीरा पाउडरः 1/2 चम्मच
- धनिया पाउडरः 1/2 चम्मच
- अमचूर पाउडरः 1/2 चम्मच
- बारीक कटा हरा धनियाः 2 बड़े चम्मच
- तेल या घी

**विधि :**



सबसे पहले एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा और नमक मिलाकर नरम आटा गूथ लें। इसे 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि आटा सेट हो जाए। एक कटोरी में बारीक कटा लहसुन, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, अमचूर पाउडर, बारीक कटा हरा धनिया, नमक और 2 बड़े चम्मच तेल या घी डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब आटे की एक लोई लें और उसे थोड़ा सा बेल लें। फिर इसके बीच में तैयार की हुई स्टफिंग डालें। लोई को चारों तरफ से उठाकर बंद कर दें, जैसे हम आलू पराठा बनाते हैं। ध्यान रहे कि स्टफिंग बाहर न निकले। अब इसे हल्के हाथों से गोल या अपनी पसंद के आकार में बेल लें। बहुत ज्यादा पतला न करें। एक तवा गरम करें और उस पर बेला हुआ पराठा डालें। मीडियम आंच पर एक तरफ से हल्का सुनहरा होने तक सेकें। अब पराठे को पलट दें और दूसरी तरफ भी सुनहरा होने तक सेकें। दोनों तरफ तेल या घी लगाकर कुरकुरा होने तक सेक लें। बस फिर अब गरमागरम चिली गार्लिक पराठे को दही, अचार, चटनी या अपनी किसी भी पसंदीदा सब्जी के साथ परोसें।

# चमत्कारी औषधि हैं पहाड़ों में उगने वाले ये फल

## पोषक तत्वों की खान, गिनते रह जाएंगे फायदे

**■ आड़ू**



उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में आड़ू की खेती बड़े पैमाने पर होती है. खासकर नैनीताल, अल्मोड़ा और टिहरी जिले इसके लिए प्रसिद्ध हैं. आड़ू का स्वाद खट्टा-मीठा होता है और यह गर्मियों में खूब खाया जाता है. इसमें विटामिन A, C और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा को निखारने और पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है. स्थानीय लोग इसे चटनी, जैम और जूस के रूप में भी उपयोग करते हैं.

**■ खुमानी**



खुमानी उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उगाई जाती है. इसका स्वाद मीठा होता है और यह ग्रीष्म ऋतु में उगती है. खुमानी में आयरन, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है. यह हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और खून की कमी को दूर करने में भी मदद करता है. इसके बीज से तेल निकाला जाता है, जो त्वचा और बालों के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है.

**■ हिसालु**

हिसालु एक जंगली बेरी है, जो हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से



उगती है. यह फल बेहद छोटा, लेकिन स्वाद में अत्यंत मीठा होता है. हिसालु विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट्स का भरपूर स्रोत है. यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होता है. बचपन में पहाड़ी बच्चे इसे जंगलों से तोड़कर खाते थे, और आज भी इसका स्वाद बचपन की यादें ताजा कर देता है.

**■ घिंघारू**



घिंघारू भी एक प्रकार की जंगली बेरी है, जो उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाई जाती है. इसका इस्तेमाल अक्सर चटनी और अचार बनाने में किया जाता है. इसमें विटामिन C के अलावा फ्लेवोनॉयड्स और फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो शरीर को संक्रमणों से बचाते हैं. घिंघारू का सेवन खासकर सर्दियों में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए किया जाता है.

**■ नाशपाती**



नाशपाती को उत्तराखंड में 'नस्पाती' भी कहा जाता है. यह फल कुरकुरा, रसदार और हल्की मिठास लिए होता है. इसमें फाइबर, विटामिन C और तांबा जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. नाशपाती पाचन को दुरुस्त करती है, दिल की बीमारियों से बचाव करती है और वजन नियंत्रण में भी मदद करती है. पहाड़ी क्षेत्रों में इसे ताजे फल की तरह खाने के अलावा सूखाकर भी इस्तेमाल किया जाता है.

**■ प्लम**



प्लम उत्तराखंड में लोकप्रिय फलों में से एक है. इसे स्थानीय भाषा में पुल्लम भी कहा जाता है. इसका गूदा मुलायम और स्वाद हल्का खट्टा-मीठा होता है. इसमें विटामिन K, A और आयरन प्रचुर मात्रा में होते हैं. प्लम का सेवन रक्त संचार सुधारने, हड्डियों को मजबूत करने और त्वचा की चमक बढ़ाने के लिए किया जाता है. इसका जैम और अचार भी पहाड़ों में बड़े चाव से खाया जाता है.

## आज का राशिफल

**मेष** : भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ** : शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मिथुन** : व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

**सिंह** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** : व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी।

**तुला** : व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी।

**मकर** : धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट के काम अनुकूल रहेंगे।

**कुंभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मीन** : किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# क्या आपके भी मकान-दुकान में हैं चूहे?

**ये हैं 5 गजब के ट्रिक्स, खुद ही तौबा-तौबा करते भागेंगे घर से बाहर**



आप चाहे घर में कितनी ही बड़ी दीवार या दरवाजे बनावाले लें, चूहे ऐसे जीव हैं जो कहीं न कहीं से घर में घुस ही आते हैं. सिर्फ घर ही नहीं, अगर ये चूहे गलती से दुकान में घुस जाएं तो फिर मुसीबत दुगनी हो जाती है. क्योंकि ये दुकान का काफी नुकसान भी कर देते हैं. चूहे सिर्फ अनाज को नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि वायर, कपड़े, किताबें और यहां तक कि घर की कई चीजें काट डालते हैं. हाईजीन की दृष्टि से भी ये चूहे आपके लिए घर में कई परेशानियों की वजह बन जाते हैं. खासतौर पर जब रात के सन्नाटे में ये रसोई में धमाचौकड़ी मचाते हैं, तो नींद हराम हो जाती है. ऐसे में जरूरी है कि हम इनसे छुटकारा पाने के लिए कुछ उपाय अपनाएं. लेकिन कई लोग चूहों को गणेश भगवान से जोड़ते हैं और उन्हें मारना नहीं चाहते. तो ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे गजब के घरेलू टिप्स बता रहे हैं, जिनसे आप बिना ज़हर के भी चूहों को घर से बाहर निकाल सकते हैं.

### 1. पुदीना – चूहों का सबसे बड़ा दुश्मन

पुदीने की गंध चूहों को बिल्कुल पसंद नहीं होती. आप पुदीने के तेल में रुई भिगोकर उसे घर के कोनों, किचन के पास और चूहों के आने-जाने वाले रास्तों पर रख सकते हैं. हर 2-3 दिन में रुई बदलते रहें. पुदीना के साथ-साथ तेजपत्ता और लौंग की खुशबू भी चूहों को दूर भगाने में मदद करती है. इसे घर के दरवाजों, खिड़कियों और स्टोररूम में रखें. इससे चूहे नजदीक नहीं आएंगे.

### 2. चूहा पकड़ने वाले पिंजरे या ट्रैप्स

बाजार में कई तरह के ट्रैप्स मिलते हैं, कुछ में खाने का लालच देकर पकड़ा जाता है, तो कुछ चिपकने वाले पैड होते हैं. ये आसान और प्रभावी तरीके हैं, खासकर अगर आप उन्हें जीवित पकड़ कर बाहर छोड़ना चाहते हैं.

### 3. नीम और कपूर का उपयोग

नीम की सूखी पत्तियां और कपूर जलाने से न केवल चूहे दूर रहते हैं बल्कि यह आपके घर की हवा को भी शुद्ध करता है.

### 4. लहसुन करेगा कमाल

चूहों को घर से भगाने के लिए लहसुन एक इफेक्टिव और नेचुरल उपाय है. चूहों को लहसुन की गंध बिल्कुल भी पसंद नहीं आती है जिससे वे इससे दूर रहते हैं. आप लहसुन का उपयोग कई तरीकों से कर सकते हैं.

### 5. फिटकरी से भागेंगे चूहे

चूहे फिटकरी की गंध से भी दूर भागते हैं इसलिए यह घर से चूहों को भगाने के लिए एक इफेक्टिव घरेलू उपाय है. आप फिटकरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर घर के विभिन्न हिस्सों में रख सकते हैं, जैसे दीवारों के कोने, अलमारियां या दरारों में. इसके अलावा, फिटकरी का पाउडर भी चूहों के रास्ते पर छिड़क सकते हैं. यह उपाय चूहों को बिना किसी नुकसान के घर से बाहर रखने में मदद करता है, साथ ही यह सेफ भी होता है.

# क्या आम को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए?

मंडियों में आमों की विभिन्न किस्मों की भरमार है. हम तरह-तरह के आम घर लाते हैं और अक्सर उन्हें फ्रिज में रख देते हैं. लेकिन क्या आमों को फ्रिज में स्टोर करना सही है? क्या फ्रिज में रखने से आम के पकने की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित होती है और इसका स्वाद खराब हो जाता है? क्या इसका असर आम के पोषण मूल्य पर भी पड़ता है? याद रखें कि आमों को फ्रिज में रखने का निर्णय उनके पकने की स्थिति पर निर्भर करता है. तो चलिए, जानते हैं कि आम को फ्रिज में रखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए.

### फ्रिज में ऐसे स्टोर करें कच्चे आम को:

अगर आम अभी कच्चे हैं, तो उन्हें कमरे के तापमान पर ही रखें. कमरे के तापमान पर आम धीरे-धीरे पकते हैं और उनका स्वाद और मिठास बढ़ती है. अगर आप पकने की प्रक्रिया को तेज करना चाहते हैं, तो आम को एक पेपर बैग में रख सकते हैं; इस विधि से आम तेजी से पकते हैं.



**ऐसे स्टोर करें पके हुए आमः** जब आम पूरी तरह से पक जाएं, तो उन्हें फ्रिज में रखना बेहतर होता है. फ्रिज में रखने से आम की ताजगी बनी रहती है और वे लगभग पांच दिनों तक अच्छे रहते हैं. फ्रिज में आम को क्रिस्पर ड्रॉअर में रखना बेहतर होता है, क्योंकि यह नमी को नियंत्रित करता है और फल को ताजा बनाए रखता है.

**कटे हुए आम ऐसे रखेंः** अगर आपने आम को काट लिया है, तो उसके टुकड़ों को एक एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में स्टोर करें. इस तरह से कटे हुए आम 3-4 दिनों तक ताजगी बनाए रखते हैं. उपयोग से पहले यह सुनिश्चित करें कि आम में कोई खटास या चिपचिपापन नहीं है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मायके फोन कर बहू ने ससुराल वालों की करा दी पिटाई, पति को भारी पड़ गई पत्नी से लड़ाई

**बस्ती.** यूपी के बस्ती में एक बहू ने मायके वालों को फोन कर ससुराल वालों की पिटाई करा दी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि पति-पत्नी के बीच हुई मामूली सी लड़ाई इतना विकराल रूप अख्तियार कर लेगी। बहू के मायके से आग बबूला होकर आए उसके पिता और भाइयों ने ससुराल वालों को जमकर पीटा। मामला, बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के तेनुआ असनहरा गांव का है। गांव के रहने वाले राजू वर्मा का कहना है कि उनकी किसी बात पर पत्नी से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी वैसी ही थी जैसी अक्सर पति-पत्नी के बीच होती रहती है। राजू का कहना है कि उसने इसे सामान्य ही माना था लेकिन पत्नी बहुत ही अधिक गंभीर हो गई। वो भड़क गई और इसी गुस्से में उसने अपने मायकेवालों को फोन कर दिया। उसकी बातें सुनने के बाद मायकेवाले भी बेहद नाराज हो गए। उसके पिता और चार भाई गुस्से में आग बबूला होकर घर से निकले और सीधे बेटी की ससुराल आ गए। आरोप है कि उनके साथ उनके चार अन्य सहयोगी भी थे। इन सबने बेटी की ससुराल में आते ही गाली-गलौज करते हुए सबसे पहले पति को मारना-पीटना शुरू कर दिया। इस पर लड़के के परिवारवालों ने हस्तक्षेप किया तो बहू के मायके वाले उनसे भी भिड़ गए। आरोप है कि उन्होंने बीच-बचाव करने आए भाई कृष्ण कुमार, माता बुधना देवी, पिता और छोटे भाई जीवलाल को भी मारापीटा।

### जौनपुर में लगातार तीसरे दिन मर्डर, परीक्षा देने जा रहे बीफार्मा छात्र की सरेराह चाकू घोंपकर हत्या

यूपी के जौनपुर में लगातार तीसरे दिन हत्या से सनसनी फैल गई है। सोमवार को ट्रिपल मडर और मंगलवार को महिला की गोली मारकर हत्या के बाद बुधवार को सिकरारा थाना क्षेत्र के कुरनी गांव के समीप परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार छात्र की सरेराह चाकू गोदकर हत्या दी गई। लबे रोड दिनदहाड़े हुई हत्या से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मारा गया 22 वर्षीय अनुज यादव मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुटी है। घत्या के पीछे पड़ोसियों से पुरानी रंजिश को कारण माना जा रहा है।

### दरोगा को किसने मारी टक्कर? कैमरों से खंगाले जा रहे सुराग; सीडीआर की भी जांच

**ललितपुर.** यूपी के ललितपुर के खड़ेरा गांव के पास गश्त के दौरान बिरधा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस, दरोगा की बाइक में टक्कर मारने वाली वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है। रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही इस मामले की बारीकियों और आशंकाओं को मद्देनजर रखते हुए दरोगा के सरकारी और निजी मोबाइल फोन नंबर की सीडीआर भी जांची जा रही है। जाहिर है पुलिस को यह मामला दुर्घटना का तो लग रहा है लेकिन अभी वो किसी द्वारा जानबूझकर इसे अंजाम दिए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है। लिहाजा, जांच कई बिंदुओं पर चल रही है।

### सीएम योगी की सुरक्षा में चूक, गलत हेलीपैड पर उतरा हेलीकॉप्टर, अमचा हड़कंप

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को कानपुर पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान बड़ी चूक फिर सामने आई। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर प्रधानमंत्री के लिए तैयार किए गए हेलीपैड पर उतर गया। जबकि एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर ट्रायल लैंडिंग कर रहे थे। सीएम के लिए अलग हेलीपैड तैयार किया गया था। स्वागत के लिए सभी अधिकारी भी मुख्यमंत्री के लिए तैयार हेलीपैड पर खड़े थे। गलत हेलीपैड में उतरने पर अधिकारियों के हड़कंप मच गया।

# मणिपुर में भाजपा विधायकों ने सरकार बनाने का किया दावा

**राज्यपाल के पास 10 MLA पहुंचे, 44 के समर्थन का दावा; यहां अभी राष्ट्रपति शासन**



**इंफाल.** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, NPP और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। वहीं, निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत सिंह ने कहा- हमने राज्यपाल को एक पेपर दिया है, जिस पर 22 विधायकों ने साइन किए हैं। मणिपुर में सभी NDA विधायक सरकार बनाना चाहते हैं।

बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। बीरेन सिंह पर राज्य में डेढ़ साल से ज्यादा समय तक चली हिंसा न रोक पाने के चलते काफी दबाव था।

मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 3 मई, 2023 से अब तक हिंसा हो रही है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा FIR दर्ज हुई हैं। विपक्षी पार्टियां हिंसा के मुद्दे पर लगातार NDA से सवाल पूछ रही थीं।

#### अभी मणिपुर में 37 भाजपा विधायक, बहुमत से 6 ज्यादा

60 सीटों वाले मणिपुर विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, यानी बहुमत के आंकड़े से 6 ज्यादा। इन 37 विधायकों में 27 मैतेई, 6 कुकी, 3 नगा और 1 मुस्लिम हैं। NDA के कुल 42 विधायक हैं। इसमें नेशनल पीपल्स फ्रंट (NPF) के भी 5 विधायक शामिल हैं। राज्य में कांग्रेस के 5 विधायक हैं।

# देश में कोरोना के 1200 केस, 12 मौतें

- **UP-बिहार दौरे पर PM मोदी के नजदीक रहने वालों के टेस्ट होंगे**



| राज्य | मृतक | एक्टिव केस |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 5 | 208 |
| केरल | 2 | 430 |
| राजस्थान | 2 | 22 |
| मध्य प्रदेश | 1 | 5 |
| कर्नाटक | 1 | 100 |
| यूपी | 1 | 30 |

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं।

इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं।

नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

इसके अलावा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मृतक की संख्या 12 पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के 29-30 मई को UP-बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है। निर्देश दिया गया है कि PM के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी।

जयपुर में 26 मई को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

# महाकाल मंदिर के गार्ड्स ने अभद्रता की

- **श्रद्धालु का आरोप, बोली- बिना दर्शन किए बाहर निकाला**
- **प्रबंधन ने कहा- मोबाइल बैन, वीडियो बना रहे थे**

**उज्जैन.** उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर एक दंपती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के सुरक्षाकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। दंपती ने मंदिर में वीआईपी कल्चर को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें आरोप लगाया कि मंदिर में धर्म के नाम पर व्यापार हो रहा है। नियम सिर्फ आम श्रद्धालुओं के लिए ही हैं।

मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक का कहना है, मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में महिला के पति को गणेश मंडपम् में वीडियो बनाते हुए देखा गया था। जब कर्मचारी ने उन्हें मोबाइल उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी दी, तो वे गुस्सा हो गए। उनसे केवल नियम का पालन करवाया जा रहा था। वहीं, दंपती ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उस पर अब तक 24 हजार से अधिक लोग कमेंट कर चुके हैं। ज्यादातर लोग मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर नाराजगी जता रहे हैं। हालांकि यह पहला मामला नहीं है जब किसी श्रद्धालु के साथ इस प्रकार की अभद्रता की गई हो।

#### बाइक राइडर और उनके पति के साथ हुई अभद्रता

ऑल इंडिया बाइक राइडर नैना अपने पति के साथ महाकाल मंदिर दर्शन के लिए उज्जैन पहुंची थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'YATRIACTORS' पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि दर्शन से पहले मंदिर में तैनात सुरक्षा गार्ड ने उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद दोनों दर्शन किए बिना ही लौट गए।

## एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर एक्शन ले सकेगा

**नई दिल्ली.** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था।

# सेना अधिकारी आतंकी के जनाजे में जाता है, और क्या सबूत चाहिए?

- **ममता के भतीजे ने पाक की खोली पोल**



**सिंगापुर.** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सिंगापुर में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए पाकिस्तान की पोल खोलकर रख दी। उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों से सांठगांठ करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने ठोस सबूत पेश किए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के उच्च सैन्य अधिकारी घोषित आतंकवादियों के जनाजे में भाग ले रहे हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि आतंकी गतिविधियों को सरकारी संरक्षण दिए जाने का स्पष्ट प्रमाण है।

अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'आपके पास पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में कई सारे सबूत हैं। आप पाकिस्तान के उच्च सैन्य अधिकारियों को घोषित आतंकवादियों के जनाजे में भाग लेते देख सकते हैं। दुनिया के किस देश में ऐसा होता है? अब इससे अधिक और क्या सबूत चाहिए?'

उन्होंने भारतीय समुदाय से इस जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील करते हुए कहा कि आज के समय में ट्विटर थ्रेड्स कूटनीतिक तारों से भी तेजी से यात्रा करते हैं। सोशल मीडिया की भूमिका आज के युग में निर्णायक हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत को इस सूचना युद्ध में भी आक्रामक भूमिका निभानी चाहिए।

#### राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई राजनीति नहीं

राजनीतिक मतभेदों की बात करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सरकार से चाहे कितने भी मतभेद हों, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा और संप्रभुता की होती है तो वे हर हाल में राष्ट्रहित के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं राजनीतिक रूप से केंद्र सरकार से लड़ सकता हूं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर मैं हमेशा अपने देश के हित में खड़ा रहूंगा।

# भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता

- **थरूर बोले- वह उस जमीन को पाना चाहता है जो उसकी है ही नहीं**

**पनामा.** पनामा दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता।

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी।

- **आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन**



थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं।

#### अब और आतंकी हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे

थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें।

उन्होंने यह भी बताया कि इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (LoC) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ मानसून सत्र में महाभियोग ला सकती है सरकार

- **कैश कांड के दोषी जज के घर जले नोट मिले थे**

**नई दिल्ली.** कैश कांड मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। न्यूज एजेंसी PTI ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन CJI ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को CJI को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस (CJI) संजीव खन्ना ने जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी थी। उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की थी।

# विराट ने IPL में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाई

- **बेंगलुरु के लिए अब तक 9 हजार रन बनाए**
- **लखनऊ के लिए पंत की फास्टेस्ट संचुरी**



लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रिकाड्‌र्स का दिन बेंगलुरु और विराट कोहली के नाम रहा। RCB ने IPL का तीसरा और अपना हाईएस्ट रन चेज किया। विराट कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले प्लेयर बने। उन्होंने बेंगलुरु से अपने 9 हजार रन भी पूरे किए। ऋषभ पंत लखनऊ से सबसे तेज शतक लगाने वाले प्लेयर बने।

IPL के 70वें मैच में लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। जवाब में बेंगलुरु ने 228 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वालों की सूची में मिचेल मार्श सबसे आगे हैं। उन्होंने अब तक 7 बार 50 या उससे अधिक का स्कोर बनाया है। उनके बाद 2022 में केएल राहुल का प्रदर्शन रहा, जिन्होंने 6 बार अर्धशतक या उससे अधिक का स्कोर बनाया था। 2025 के ही सीजन में ऐडन मार्करम ने भी 5 बार 50+ स्कोर बनाए।

IPL इतिहास में 600+ रन एक सीजन में सबसे ज्यादा बार बनाने वाले खिलाड़ियों में विराट कोहली सबसे आगे हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 5 बार हासिल की है, 2013, 2016, 2023, 2024 और 2025 में। उनके बाद केएल राहुल हैं, जिन्होंने 4 बार (2018, 2020, 2021, 2022) में 600+ रन बनाए हैं। क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर ने यह कारनामा 3-3 बार किया है।

IPL इतिहास में सफल रन चेज के दौरान नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर बनाने वालों की सूची में जितेश शर्मा का नाम अब सबसे ऊपर है। उन्होंने कल 33 गेंदों में नाबाद 85 रन बनाए। उनके बाद इस सूची में एमएस धोनी का 2018 में आरसीबी के खिलाफ बेंगलुरु में बनाया गया नाबाद 70 रन (34 गेंदों में) आता है।

# ज्योति का 4 ISI एजेंटों से था संपर्क

- **12 TB डेटा मिला**
- **सबूतों का पहाड़ खंगाल रही पुलिस**



**हिसार.** हरियाणा की 33 वर्षीय यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जासूसी के आरोपों में जांच तेज हो गई है। हिसार पुलिस ने ज्योति के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से 12 टेराबाइट (TB) डेटा बरामद किया है, जिसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़े चार एजेंटों के साथ उनकी बातचीत के सबूत शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ज्योति मल्होत्रा को पूरी जानकारी थी कि वह जिन पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क में थीं, वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते हैं। इसके बावजूद, वह उनसे लगातार संपर्क में रहीं और उन्हें किसी प्रकार का डर नहीं था।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्योति की चार पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से एक-एक करके बातचीत हुई थी। इनमें एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश, अली हसन, शाकिर और राणा शहबाज जैसे नाम शामिल हैं। दानिश से उसकी मुलाकात दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में हुई थी। अब जांच एजेंसियां इन एजेंटों की पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों में भूमिका और रैंक की पुष्टि कर रही हैं।

पुलिस ने ज्योति के तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इन उपकरणों से बरामद 12 टेराबाइट डेटा में व्हाट्सएप, स्नैपचैट और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स पर की गई बातचीत शामिल है। जांच में पता चला है कि ज्योति ने इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करके कोडवर्ड्स में संदेश भेजे, ताकि उनकी गतिविधियां भारतीय अधिकारियों से छिपी रहें।

ज्योति मल्होत्रा के फोन और लैपटॉप जब्त करने के बाद, पुलिस को कई डिलीट किए गए संदेशों और फाइलों को रिकवर करने में सफलता मिली है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने 12 टेराबाइट से अधिक डेटा बरामद किया है, जिसे खंगाला जा रहा है। इसी डेटा के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि ज्योति को पता था कि वह आईएसआई अधिकारियों से बात कर रही है, लेकिन उसने इस बातचीत को जारी रखा।

# इतने धोखेबाज कैसे हो गए, BJP के सुपर प्रवक्ता

- **शशि थरूर पर भड़के कांग्रेस नेता**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद शशि थरूर सरकार की ओर से भेजे गए एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो कई देशों के दौरे पर है। इस दौरान डेलिगेशन अलग-अलग देशों में बता रहा है कि कैसे पहलगाम में आतंकी हमला हुआ और फिर भारत ने उसके जवाब में आतंकियों के ठिकानों को टारगेट किया। शशि थरूर से लेकर असदुद्दीन ओवैसी तक विपक्षी दलों के सांसद भी पाकिस्तान की पोल खोल रहे हैं। हालांकि शशि थरूर का मोदी सरकार की तारीफ करना कांग्रेस को नहीं पच रहा है। अब कांग्रेस नेता उदित राज ने ट्वीट करके शशि थरूर को धोखेबाज बता दिया है। उन्होंने ट्वीट करके लिखा कि जिस पार्टी ने आपको इतना सब कुछ दिया है, उसके प्रति इतने धोखेबाज कैसे हो सकते हैं।

उदित राज ने एक्स पर लिखा, 'प्रिय शशि थरूर। मैं तो पीएम मोदी से कहूंगा कि आपको भाजपा का सुपर प्रवक्ता घोषित किया जाए। इसके अलावा भारत लौटने से पहले ही विदेश मंत्री बना दिया जाए। आखिर आप कैसे कांग्रेस के सुनहरे इतिहास को यह कहते हुए नजरअंदाज कर सकते हैं कि पीएम मोदी के दौर से पहले भारत ने कभी एलओसी या इंटरनेशनल बॉर्डर को पार नहीं किया। 1965 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में कई तरफ से एंट्री कर ली थी। लाहौर सेक्टर में जब भारत की सेना घुसी तो पाकिस्तान हैरान रह गया था। फिर 1971 में तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही हो गए। यही नहीं यूपीए सरकार में कई सर्जिकल स्ट्राइक की गईं। बस उसका ढिंढोरा नहीं पीटा गया। राजनीतिक फायदा उठाने का प्रयास नहीं हुआ।'

आप इतने धोखेबाज कैसे हो सकते हैं? निष्ठा पर सवाल

इसके आगे शशि थरूर पर पार्टी से गद्दारी तक का आरोप उदित राज ने लगा दिया। उदित ने एक्स पर लिखा, 'आपको जिस पार्टी ने इतना कुछ दिया है, उसके प्रति इतने धोखेबाज कैसे आप कैसे हो सकते हैं?' उदित राज ने शशि थरूर के ही एक वीडियो को शेयर करते हुए यह टिप्पणी की। उस वीडियो में सुना जा सकता है कि कैसे शशि थरूर पनामा में पाकिस्तान की हरकत की बात करते हैं। फिर बताते हैं कि भारत ने कैसे करारा जवाब दिया।

# एनकाउंटर से पहले बसवाराजू का संगठन को अंतिम संदेश

- **कहा- मेरे बाद किसी युवा को देना पद**
- **बस्तर IG बोले- अब कोई लीडर नहीं बन पाएगा**



**रायपुर.** 'मेरे बारे में आप लोग चिंता मत करना। मैं ज्यादा से ज्यादा और दो या तीन साल जिम्मेदारी को निभा सकता हूं। युवा नेतृत्व पर आप लोग ध्यान देना। ये एनकाउंटर में मारे गए 10 करोड़ रुपए के इनामी नक्सली बसवा राजू का संगठन के नाम अंतिम संदेश था।

बसवा राजू के एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर सब जोनल के प्रवक्ता और हार्डकोर नक्सली विकल्प ने एक प्रेस नोट जारी किया। जिसमें बसवा राजू के संगठन के नाम अंतिम संदेश का जिक्र किया है।

वहीं, बसवा राजू के एनकाउंटर के बाद अब नक्सल संगठन का महासचिव पद अब खाली हो गया है। ये तय है कि ये पद आंध्रप्रदेश या फिर तेलंगाना के किसी नक्सली लीडर को दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ से सिर्फ हिड़मा उम्मीदवार है।

बस्तर आईजी पी सुंदरराज की माने तो बसवाराजू के एनकाउंटर के बाद संगठन में कोई नया नेता उभर नहीं पाएगा। बचे हुए नक्सली कमांडरों के पास अब सिर्फ दो विकल्प हैं सरेंडर करें या फिर मारे जाएं।

- **हमले का पहले से अंदेशा था**

पत्र में लिखा है कि अप्रैल और मई के महीने में पुलिस के बड़े अभियानों का नक्सल संगठन को अंदेशा था। इसलिए बसवा राजू को किसी सुरक्षित जगह में शिफ्ट करने का प्लान किया गया था।

- **21 मई को हुआ था एनकाउंटर**

दरअसल 21 मई को दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर और कोंडागांव के DRG जवानों ने अबूझमाड़ में बसवा राजू समेत 28 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। जवान बसवा राजू समेत 27 नक्सलियों के शव लेकर जिला मुख्यालय लौटे थे, जबकि एक शव नक्सली अपने साथ ले गए। देश में पहली बार इस कैडर के नक्सली का एनकाउंटर किया गया है।

## संक्षेप...

### कुवैत में काम करने वाली बांग्लादेशी महिला मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

**मुंबई.** 33 साल पहले गरीबी और भुखमरी से भागकर भारत आई एक बांग्लादेशी महिला को मुंबई एयरपोर्ट पर उस वक्त गिरफ्तार कर लिया गया जब वह कुवैत से वापस लौट रही थी. महिला पर आरोप है कि उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया, फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए भारतीय पासपोर्ट बनवाया और पिछले छह साल से इसी पासपोर्ट के सहारे कुवैत समेत कई देशों की यात्रा की.

गिरफ्तार महिला का नाम मरिया खातुन मोहम्मद मंसूर अली है, जो साल 1992 में महज 15 साल की उम्र में भारत आई थी. मुंबई पहुंचने के बाद उसने एक भारतीय नागरिक अरविंद कुमार हीरालाल से विवाह कर लिया और उसकी पहचान का इस्तेमाल करते हुए खुद को भारतीय नागरिक घोषित कर फर्जी कागजात तैयार कर लिए. इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर मरिया खातुन ने 2016 में मुंबई पासपोर्ट कार्यालय से पासपोर्ट हासिल किया.

# यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता -DCM शिंदे





**ठाणे.** एसटी बसों में यात्रा करने वाले सामान्य यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में बसों में एआई तकनीक आधारित सुरक्षा प्रणाली लगाई जाएगी। इसलिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राय व्यक्त की कि एसटी से आने वाली नई बसें यात्रा के लिए अधिक सुरक्षित होंगी। वह ठाणे में एआई तकनीक आधारित सुरक्षा प्रणाली से लैस स्मार्ट एसटी बस के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ परिवहन मंत्री और एसटी के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक और एसटी अधिकारी मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने आगे कहा कि वर्तमान में औसतन 55 लाख यात्रियों को प्रतिदिन संचार सेवाएं प्रदान करने वाली एसटी भविष्य में अधिक सुरक्षित हो, इस उद्देश्य से नई बसों में एआई तकनीक आधारित 'एकीकृत सुरक्षा प्रणाली' लगाई जाएगी। बस में बैठे यात्रियों की हरकत से लेकर ड्राइवर की ड्राइविंग स्टाइल तक पर नज़र रखने वाले सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ मनोरंजन के लिए वाईफाई, विज्ञापन के लिए एलईडी स्क्रीन, साथ ही जीपीएस सिस्टम के साथ फोम बेस फायर प्रिवेंशन सिस्टम भी लगाया जाएगा।

इन स्मार्ट बसों को बनाने के लिए एसटी के अध्यक्ष व परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के निरंतर प्रयासों की जितनी सराहना की जाए कम है। क्योंकि उन्होंने भविष्य में होने वाले बदलावों के बारे में सोचकर एसटी में आमूलचूल परिवर्तन करने की पहल की है।

### स्मार्ट बस की विशेषताएं...

- एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और ड्राइवर मॉनिटरिंग कैमरा – आगे की टक्कर की चेतावनी, लेन बदलने की चेतावनी, ड्राइवर की स्थिति की निगरानी, पैदल यात्री टक्कर की चेतावनी आदि जैसी सुविधाएँ।
- ब्लाइंड स्पॉट कैमरे पूर्ण 360 डिग्री कैमरे सामने, पीछे, दाएँ 180 डिग्री और बाएँ 180 डिग्री
- वीडियो निगरानी के लिए कैमरे यात्रियों के लिए अंदर 2 कैमरे, सामने का कैमरा, पीछे का कैमरा
- यात्री गिनती सेंसर
- कैमरा दृश्यों के साथ ड्राइवर सहायता स्क्रीन
- 4G और GPS ट्रैकिंग और स्टोरेज के साथ मोबाइल NVR सिस्टम
- विज्ञापन और रूट डिस्प्ले के लिए LCD स्क्रीन
- रूट डिस्प्ले के लिए तीन LED स्क्रीन सामने, साइड और पीछे
- बस में घोषणाओं के लिए सार्वजनिक घोषणा प्रणाली

## नवी मुंबई के बार पर छापा, 40 बार गर्ल गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र में डांस बार पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद महाराष्ट्र के कई शहरों में चोरी-छिपे डांस बार चल रहे हैं। एक बार फिर महाराष्ट्र में डांस बार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है।

गृह मंत्री योगेश कदम ने नवी मुंबई के एक डांस बार पर सीधे छापा मारा। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने नवी मुंबई के वाशी में एक अनाधिकृत डांस बार पर छापा मारा। इस डांस बार का नाम 'द रेस' अस है। मंगलवार आधी रात को गृह मंत्री योगेश कदम ने बार पर छापा मारा। इस बार में बार गर्ल्स कम कपड़ों में अश्लील डांस करती नजर आईं। इस समय 40 बार गर्ल्स और 6 वेटरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में एपीएमसी पुलिस में मामला दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई और पनवेल में बड़ी संख्या में आर्केस्ट्रा बार है लेकिन ऐसे बारों में खुलेआम डांस होता है और लड़कियों पर नोट उड़ाए जाते हैं। ऐसे बारों के खिलाफ कभी कभार पुलिस कार्रवाई करती है लेकिन नवी मुंबई में अधिकतर बारों को स्थानीय पुलिस प्रशासन का संरक्षण मिला होता है जिसकी वजह से बार के भीतर बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है।

# भिवंडी प्रदूषण की चपेट में

## प्रदूषण विभाग की गैरजिम्मेदारी बर्दाश्त नहीं -सांसद बाल्या मामा



⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी लोकसभा सांसद बाल्या मामा ने आरोप लगाया है कि भिवंडी का पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड साइजिंग और डाइंग की चिमनियों से निकलने वाले जहरीले धुएं के खतरों की अनदेखी कर रहा है, जिससे पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हो रहा है और शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है. प्रदूषण फैलाने वाले वेस्टेज को डाइंग और साइजिंग कारखानों के बॉयलरों में जलाया जाता है, जो उद्योग के लिए सूत तैयार करते हैं, तथा रंगाई कारखानों में कपड़ों पर रंग तैयार करते हैं.चिमनियों से निकलने वाले जहरीले धुएं ने शहर में प्रदूषण बढ़ा कर नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है. भिवंडी मनपा मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने पर्यावरण विभाग समेत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कुव्यवस्था को अधिकारियों के समक्ष उजागर किया. सांसद सुरेश म्हात्रे ने खेद व्यक्त किया है कि, मनपा पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख रहे हैं. समीक्षा बैठक में अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार, विठ्ठल डाके, उपायुक्त विक्रम दराडे, विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रमुख उपस्थित थे.

सांसद बाल्या मामा ने आरोप लगाते हुए कहा कि,साइजिंग और डाइंग कंपनियों में कोयला जलाने की बजाय प्लास्टिक, रबर, जो कबाड़ियों और भंगार वालों से कम कीमत पर प्राप्त होता है. डाइंग कंपनियों के बॉयलर में कूड़ा-कचरा, कागज के टुकड़े जलाए जा रहे हैं.निचली चिमनी से निकलने वाला जहरीला धुआँ वातावरण में फैल रहा है. धुआं कई इमारतों में कालिख पैदा कर रहा है.शहर में हजारों लोग सांस संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं. खतरनाक धुंए के कारण शहर की वायु गुणवत्ता में नाटकीय रूप से गिरावट आई है और वातावरण जहरीला हो रहा है.

### कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



सांसद बाल्या मामा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि मनपा के पर्यावरण विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है . प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई कर अपना आर्थिक हित साध रहे हैं . सांसद बाल्या मामा ने कहा कि वे पर्यावरण विभाग की गैरजिम्मेदारी को अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे .शहर में उद्योग-धंधे तो महत्वपूर्ण हैं ही, लेकिन साथ ही नागरिकों का स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है . सांसद बाल्या मामा ने अवैध प्रदूषण फैलाने वाली डाइंग और साइजिंग कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है .

# ठाणे मनपा के 38 सहायक शिक्षक और 53 वरिष्ठ लिपिकों की पदोन्नति

## सहायक शिक्षकों को प्राचार्य और वरिष्ठ लिपिकों को कार्यालय उप अधीक्षक पद पर पदोन्नत

**ठाणे.** मनपा में शिक्षकों और कर्मचारियों की पदोन्नति के विषय में निर्णय को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मनपा की सेवा में कार्यरत 38 सहायक शिक्षक और 53 वरिष्ठ लिपिकों को बुधवार को मनपा आयुक्त सौरभ राव की स्वीकृति से पदोन्नत किया गया। प्राथमिक विभाग मराठी माध्यम में 38 सहायक शिक्षकों को प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया गया है। जबकि 53 वरिष्ठ लिपिकों को कार्यालय उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने बुधवार को मनपा के 38 सहायक शिक्षकों और 53 वरिष्ठ लिपिकों के पदोन्नति आदेश जारी किए। इससे पहले मंगलवार को वरिष्ठ क्लर्क के पद पर 46, लीडिंग फायरमैन के पद पर 19 और सहायक फायर स्टेशन अधिकारी के पद पर 2 लोगों को पदोन्नत किया गया था। अब तक कुल 158 लोगों को पदोन्नत किया जा चुका है। इन पदोन्नति निर्णयों



के कारण मनपा कर्मचारियों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है और उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मनपा आयुक्त सौरभ राव का आभार व्यक्त किया है। आठ से दस वर्षों की अवधि में कई अधिकारियों और कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के कारण कई पद रिक्त थे। महानगरपालिका के काम का दायरा बहुत बड़ा है और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रशासन को रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति सुनिश्चित करने, नागरिकों को सुविधाओं का प्रभावी प्रावधान करने और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। तदनुसार, वरिष्ठ लिपिकों को सरकारी मानदंडों के अनुसार तीन साल की निर्धारित अवधि के भीतर कार्यालय उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस पदोन्नति फार्मूले के लागू होने से ठाणे महानगरपालिका कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। मनपा प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि इससे उनके काम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसी तरह, इस संबंध में, कुछ पदोन्नतियों के संबंध में सरकार से स्पष्ट आदेश प्राप्त हुए थे। इसलिए, मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्थापना विभाग को अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों की पदोन्नति के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया था। तदनुसार, मंगलवार को कुल 67 कर्मचारियों और बुधवार को कुल 91 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों और कर्मचारियों की पोस्टिंग जल्द ही की जाएगी।

# मनपा के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की पदोन्नति

**ठाणे.** नागरिकों को सेवाओं की तीव्र गति से उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्देश दिया था कि मनपा प्रतिष्ठानों के अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। इसी के तहत मनपा आयुक्त सौरभ राव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नत करने के निर्देश दिए थे।जिसके तहत 46 लोगों को वरिष्ठ लिपिक, 19 को लीडिंग फायरमैन तथा 2 लोगों को सहायक फायर स्टेशन अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्रशासन के इस फैसले से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।पिछले कुछ वर्षों में सरकारी निर्णयों और सरकार से प्राप्त न्यायालयीन आदेशों के अनुपालन की आवश्यकता के कारण इन पदोन्नतियों में देरी हुई है।कुछ पदोन्नतियों के संबंध में सरकार से स्पष्ट आदेश प्राप्त होते ही मनपा आयुक्त सौरभ राव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नतियों के संबंध में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।पिछले आठ-दस वर्षों में अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के कारण अनेक पद रिक्त हो गये थे। मनपा का कार्य क्षेत्र बहुत बड़ा है और रिक्त पदों पर पदोन्नति शीघ्र हो काम प्रभावी तरीके से हो और कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़े इसके लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने आज विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश जारी किए हैं और उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उन्हें जल्द ही पदस्थापित किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि आगामी समय में शेष रिक्त पदों पर पदोन्नति के संबंध में निर्णय लिया जाएगा.

# डीसीपी से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

### ■ विधायक को धमकी देने का मामला



**मुंबई।** मुलुंड विधायक मिहिर कोटेचा के ड्राइवर के जरिए कथित तौर पर उन्हें जान से मारने की धमकी को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल डीसीपी विजय कांत सागर से मिला और उन्हें एक पत्रक सौंपा।

गौरतलब है कि शुक्रवार की रात सत्यवान गरुण नामक युवक ने विधायक मिहिर कोटेचा के ड्राइवर मुत्तु तेवर को धमकी दी थी और कहा था कि अपने विधायक को हद में रहने के लिए कहो और कोटेचा कहां और कहां जाते हैं।इसकी जानकारी मुझे देना होगा। आरोपी ने विधायक के ड्राइवर का मोबाइल भी ले लिया। इस घटना के बाद मुत्तु तेवर ने मुलुंड पुलिस थाने में आरोपी गरुण के खिलाफ मामला दर्ज किया। बाद में पुलिस ने आरोपी सत्यवान गरुण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक इसका आपराधिक इतिहास भी है। इसी मामले को लेकर भाजपा ईशान्य मुंबई अध्यक्ष दीपक दलवी के मार्गदर्शन में का एक प्रतिनिधि मंडल डीसीपी विजयकांत सागर से मिला और उन्हें एक निवेदन पत्र सौंपा । दलवी ने कहा कि उक्त मामले की गहनता से जांच की जाए, क्योंकि इसके पहले भी कई बार विधायक मिहिर कोटेचा को धमकी दी गई थी। इस दौरान भाजपा के पूर्व नगरसेवक श्रीनिवास त्रिपाठी, प्रकाश गंगाधरे, प्रभाकर शिंदे, तुलशेत पाड़ा (भांडुप) मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, प्रदीप झा समेत भाजपा जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ‘यशवंतराव चव्हाण पंचायत राज अभियान 2025' के अंतर्गत

# ठाणे जिला परिषद को राज्य स्तरीय सम्मान

**ठाणे.** ग्रामीण विकास व पंचायत राज विभाग महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित 'यशवंतराव चव्हाण पंचायत राज अभियान 2025' के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायत राज संस्थाओं तथा मेधावी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 27 मई को यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान मंत्रालय मुंबई में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के हाथों उल्लेखनीय कार्य करने वाली पंचायत राज संस्थाओं तथा ठाणे जिला परिषद के मेधावी अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं




पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री योगेश कदम, प्रधान सचिव एकनाथ दावले, कोंकण संभागीय आयुक्त विजय सूर्यवंशी, साथ ही जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार, परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।इस अभियान के तहत जिला परिषद, वर्धा (तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन के लिए) को ‘यशवंतराव चव्हाण पंचायत राज अभियान 2022-23’ के तहत राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 30 लाख के नकद पुरस्कार के साथ से सम्मानित किया गया।

## नवी मुंबई के इंजीनियरिंग कॉलेज में लगी आग

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक क्षेत्र और प्रिंसिपल के कार्यालय को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के अनुसार, खारघर क्षेत्र में सायन-पनवेल राजमार्ग पर स्थित निजी कॉलेज में मंगलवार देर रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि आग में क्षतिग्रस्त उपकरणों में दो टेलीविजन सेट, दो एयर कंडीशनर, कई कंप्यूटर और अन्य फर्नीचर और फिक्स्चर शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, लगभग एक घंटे तक चले कठोर अभियान के बाद आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया।

# राज्यसभा चले कमल हासन

### ■ तमिल-कन्नड़ विवाद के बीच DMK ने दिया तोहफा



भाषा विवाद में फंसे अभिनेता कमल हासन अब संसद में एंट्री करने जा रहे हैं। खबर है कि तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल DMK यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम के कोटे की एक सीट हासन को दी गई है। मंगलवार को ही डीमके ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए तीन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया है। हासन कन्नड़ और तमिल को लेकर दिए गए बयान के चलते विवादों में फंस गए हैं।

डीएमके ने अपने कोटे की 4 सीटों में से एक हसन की पार्टी मक्कल निधि मैयम को देने का ऐलान किया है। उन्होंने साल 2018 में राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। हालांकि, चुनावी मैदान में उन्हें खास सफलता नहीं मिली। मंगलवार को घोषित डीएमके के तीन उम्मीदवारों में वरिष्ठ वकील पी विल्सन, लेखक और कवि सलमा और पूर्व मंत्री एसआर शिवलिंगम शामिल हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और DMK चीफ एमके स्टालिन ने पार्टी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर MNM के साथ हुए चुनावी समझौते के तहत एक सीट दी गई है। 24 जुलाई को तमिलनाडु से 6 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं। इनमें पीएमके के अंबुमणि रामदास और एमडीएमके के शीर्ष नेता वाइकू का नाम शामिल है। इन 6 सीटों में से कहा जा रहा है कि डीएमके आसानी से 4 सीटें अपने नाम कर सकती है। वहीं, AIADMK को 2 सीट मिल सकती हैं।

#### भाषा विवाद

हाल ही में हासन ने कह दिया था कि कन्नड़ ने तमिल से ही जन्म लिया है। उन्होंने आगामी फिल्म Thug Life के प्रमोशन के बीच यह बात कही थी, जिसके बाद राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई थी। खबर है कि कर्नाटक में भी उनके बयान को लेकर काफी आलोचना की जा रही थी।

# रिश्वतखोरी के आरोप में तीन राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे एंटीकरप्शन विभाग के अधिकारियों ने रत्नागिरी जिले में भूमि अभिलेखों में नाम जोड़ने के एवज में कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व विभाग के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महाप्रल के मंडल अधिकारी अमित शिगवण और तलाठी श्रीनिवास श्रीरामे शामिल हैं. तीसरा आरोपी मारुति भोसले, मंडणगड में डिप्टी ट्रेजरी कार्यालय में सहायक के रूप में कार्यरत है. एसीबी की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने हाल ही में खरीदे गए एक भूखंड के आधिकारिक रिकॉर्ड में अपनी पत्नी का नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया था. भोसले ने शिगवण और श्रीरामे के माध्यम से यह काम करवाने की पेशकश की और 50,000 रुपये की मांग की. उसने 45,000 रुपये वसूल भी लिए, लेकिन वह राशि दोनों अधिकारियों तक नहीं पहुंचाई गई. बाद में शिगवण ने यह कहते हुए कार्य रोक दिया कि पूरी राशि नहीं मिली है, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने तीनों से संपर्क किया. एसीबी अधिकारी ने बताया कि शिगवण ने रिकॉर्ड अद्यतन करने के लिए शिकायतकर्ता से दोबारा 30,000 रुपये की मांग की. सूचना मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए शिगवण को रंगेहाथ पकड़ लिया.


**Staff Required**



**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**



SHAHEED DUNICHAND T. KALANI MEMORIAL TRUST'S

**SHAHEED DUNICHAND T. KALANI PRIMARY AND SECONDARY SCHOOL**

(UN-AIDED ENGLISH MEDIUM)

ADD: SITE NO-106, RAVINDRA NAGAR, KALI MATA MANDIR ROAD, ULHASNAGAR-421005.
(SINDHI LANGUSTIC MINORITY INSTITUTIONS)
TEL. NO. 0251 2531169 Email ID- sdtk5@rediffmail.com

APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSTS FROM THE ACADEMIC YEAR- 2025-26.

| Sr.No | Posts | Eligibility Criteria cum Qualification | Total No. of Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | Head Master / Head Mistress | • Must possess a Bachelor's degree along with a Bachelor of Education (B.Ed.) degree.<br>• Minimum of 5 years of teaching experience in a recognized secondary school. | 01 |
| 2 | Primary Teacher *(English, History, Geography, Hindi, Marathi)* | • Passed Higher Secondary (12th) with at least 50% marks.<br>• Completed 2-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed) or 4-year Bachelor of Elementary Education (B.El.Ed) | 02 (Full-Time) |
| 3 | Secondary Teacher *(English, History, Geography, Hindi, Marathi)* | • Graduate in the relevant subject with at least 50% marks.<br>• Must have completed B.Ed or a 3-year integrated B.Ed-M.Ed course. | 02 (Full-Time) |
| 4 | Drawing Teacher | • Intermediate Grade Drawing Examination + ATD or equivalent diploma. | 01 (Full-Time) |
| 5 | P.T (Phy.Education) | • D.P.Ed, B.P. Ed or M.P.Ed | 01 (Full-Time) |
| 6 | Computer Teacher | • Computer Diploma, BCA or MCA | 01 (Full-Time) |

- The above posts are **open** to all, however candidates from any category can apply for the post.
- Reservation for the women & disabled persons will be as per rule.
- Applicants who are already employed must send their application through proper channel.
- Applicants are required to account for breaks, if any in their academic career.
- The details of qualifications, pay scale and allowances will be supplied on request from the applicants.

Applications with full details should reach to the **Chairperson, Shaheed Dunichand T. Kalani Primary and Secondary English Medium School, Address: Site No-106, Ravindra Nagar, Kali Mata Mandir Road, Ulhasnagar-421005. District-Thane**. within 07 days from the date of publication of this advertisement.

SD/-
Chairperson


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099